# प्रेस नोट जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक 24.09.2025

- **थाना चरथावल पुलिस, एसओजी व मिशन शक्ति महिला पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही, दौराने पुलिस मुठभेड़ 02 अन्र्तराज्यीय शातिर लूटेरे/डकैत अभियुक्तगण गिरफ्तार (मुठभेड में दोनों अभियुक्त गोली लगने से घायल), लूट/छिनैती से सम्बन्धित 10 अभियोगों का सफल अनावरण–**

  दिनांक 23/24.09.2025 को प्र0नि0 श्री जसवीर सिंह थाना चरथावल, एसओजी प्रभारी श्री मोहित सिंह व मिशन शक्ति महिला पुलिस टीम की संयुक्त टीम द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 02 अन्र्तराज्यीय शातिर लूटेरे/डकैत अभियुक्तगण 1. अंकुर पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम अनन्त मऊ थाना नानौता, सहारनपुर व 2. लाखन उर्फ लक्खा पुत्र राजकुमार निवासी भावसी रायपुर थाना नानौता, सहारनपुर को दौराने पुलिस मुठभेड़ ग्राम दलीपुरा व ग्राम सैदपुरा के मध्य कसियारा जाने वाले रास्ते से दोनो को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से विभिन्न अभियोगो से सम्बन्धित 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा मय 05 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 12 बोर, 36 ग्राम सोना (थाना चरथावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 239/25 धारा 309(4) बीएनएस से सम्बन्धित), लूटे गये सोने के आभूषण (जनपद सहारनपुर के थानाक्षेत्र गंगोह, जनपद शामली के थाना झिंझाना व उत्तराखण्ड राज्य के थाना रानीपुर, थाना मंगलौर व थाना बहादराबाद से सम्बन्धित), 2500/– रूपये नगद (थाना छपार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 243/25 धारा 304(2) बीएनएस से सम्बन्धित), 5000/– रूपये नगद (थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर से सम्बन्धित), 01 टीवीएस अपाचे बिना नम्बर प्लेट (थाना भोपा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 308/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित), 01 स्पलैण्डर मोटर साइकिल नम्बर यूपी 11 सीबी 9735 (हरियाणा से चोरी) किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 241/25 धारा 109(1),317(4) बीएनएस व 3/25/28 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 24.09.2025 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री किशन सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2185/9/17 धारा 325,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त ओमेन्द्र उर्फ मिन्टू पुत्र हरी सिंह निवासी ग्राम जडौदा थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 04 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 24.09.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिव कुमार शर्मा, उ0नि0 श्री गोपाल सिंह व उ0नि0 श्री सतेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1006/25 धारा 452,324,325,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1. गौरव पुत्र सागर व 2. ललित मोहन त्यागी पुत्र शत्रुधन निवासीगण ग्राम मल्हुपुरा थाना भोपा, मुजफ्फरनगर तथा वाद संख्या 3564/17 धारा 147,452,323,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 3. सुभाष पुत्र कामेश व 4. कामेश पुत्र घसीटू निवासीगण ग्राम बेहडा थ्रू थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना जानसठ पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 24.09.2025 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री धर्मवीर कर्दम मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 183/25 धारा 3(5),109(1),115(2),352,351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. वसीम पुत्र अफजाल 2. मन्नु पुत्र अफजाल व 3. शुएब पुत्र अफजाल निवासीगण ग्राम राजपुर कला थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया।

- **थाना प्रकाजी पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, प्रकाश में आये 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 24.09.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री नवीन कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 172/25 धारा 305ए बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. अहसान पुत्र जमीर 2. जानमोहम्मद पुत्र जमीर व 3. आलमीन पुत्र मुस्तकीम निवासीगण ग्राम गोधना थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर धमात नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 सवमर्सिबल मोटर, 20 मीटर केबल तार, 01 प्लाश, 01 दराती, 01 नट खोलने की चाबी व 1010/– रूप्ये बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।